for a period of 5 years which has been extended further upto 31-3-1966.

A Lemon gras Research Station was established at Odakali in Kerala under the above scheme with the object of evolving improved verieties capable of giving greater yield with more citral content than the existing types. The response of grass to fertilisers and improved cultural practices is also being studied there. From the trials conducted so far, an improved strain (O.D.19) has been isolated. The improved strain gives nearly 100 per cent more oil yield than the local variety. Further confirmatory trials are in progress. A demonstration trial in cultivatory fields with this improved strain is also being laid out.

किराये की इमारतों में डाकघर

१३८२. **श्री ओंकारलाल बेरवा** : क्या **डाक और तार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में कुछ डाकघर किराये के मकानों में चल रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो दिल्ली में किराये के मकानों में कितने डाकघर हैं और हर साल उन का कितना किराया देना पड़ता है ?

डाक व तार मंत्री (श्री अ० कु० सैन): (क) जी हां ।

(ख) १३४ ।

१,७३,०६४ रु० २८ न० प० ।

चीनी का निमंत्रित मूल्य

१३८३. **श्री ओंकारलाल बेरवा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि युनाइटड शुगर मिल वर्क्स फेडरेशन ने विभिन्न क्षेत्रों में चीनी की वर्तमान नियंत्रित दरों में संशोधन की मांग की है ;

(ख) यदि हां, तो इस के बारे में सरकार ने क्या सोचा है ;

(ग) क्या उत्तर भारत में, बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश से चीनी मिलों को हटा कर गुजरात, आंध्र प्रदेश, मद्रास, तंजौर, केरल और पांडिचेरी में लगाने का विचार है ; और

(घ) यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं ?

खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री अ० म० थामस) : (क) जी हां ।

(ख) शर्करा उद्योग और उत्तर प्रदेश तथा बिहार की सरकारों से अभ्यावेदन मिलने पर १९ जुलाई, १९६३ से पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के कारखानों के लिए शर्करा के कारखाने से चलते समय के भाव में एक रुपया प्रति मन या लगभग रु० २.७० प्रति क्विन्टल की वृद्धि कर दी गयी थी ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

सिंचाई वाली भूमि

१३८४. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन का ध्यान ७ जून, १९६३ के ईस्टर्न इकोनोमिस्ट में प्रकाशित इस समाचार की ओर गया है कि सन् १९४९-५० में कुल १७.६ प्रतिशत भूमि में सिंचाई होती थी और १९५८-५९ में १७.८ प्रतिशत भूमि में ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इसी अवधि में बिहार राज्य में सिंचाई वाले क्षत्र में ०.८ हजार एकड़ की कमी हो गयी ; और